# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8342 / 2025 — दिनांक:24 जून, 2025

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–दिनांकः 25 जून, 2025 को आपातकाल दिवस के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदोंमें प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, सूचना अनुभाग–1 के पत्र संख्याः 15 / 2025 / 474 / उन्नीस–2–2025–1061 / 85, दिनांकः 24 जून, 2025 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांकः 25 जून, 2025 को **राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ** मनाये जाने तथा आपातकाल दिवस के अवसर पर उससे जुड़ी त्रासदी / विपत्तियों से सभी जनपदों में आम जनता को अवगत कराये जाने के उद्देश्य से **दिनांकः 25 जून, 2025 से दिनांकः 26 जून, 2026 अर्थात** एक **वर्ष** तक चलने वाला स्मरणोत्सव मनाये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि **संलग्न पत्र में वर्णित तथ्यों के** अनुपालन **में यथानिर्दिष्ट कार्यक्रमों का आयोजन** सुनिश्चित **करें तथा कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटोग्राफ** एवं **वीडियो, समाचार पत्रों की कटिंग आदि को विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाना** सुनिश्चित **करें।**

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–
1. माननीय कुलपति जी।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

संख्या-15/2025/474/उन्नीस-2-2025-1061/85

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सूचना अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक 24 जून , 2025

विषय:- **दिनांक 25 जून, 2025 को आपातकाल दिवस के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदों में** प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 25 जून, 2025 को आपातकाल दिवस के अवसर पर उससे जुड़ी त्रासदी/विपत्तियों से सभी जनपदों में आम जनता को अवगत कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

इस वर्ष 25 जून, 2025 को राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ मनायी जायेगी। यह न केवल आपातकाल के स्मरण का अवसर है, अपितु गहन चिंतन और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता का अवसर भी है। इस सम्बन्ध में दिनांक 25 जून, 2025 से दिनांक 25 जून, 2026 तक एक वर्ष तक चलने वाला स्मरणोत्सव मनाया जायेगा।

समस्त कार्यक्रमों की व्यवस्था हेतु प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक परामर्शदाता समिति गठित की जाये, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये।

उपर्युक्त के क्रम में दिनांक 25 जून, 2025 को आपातकाल दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित कार्यक्रमों को आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है:-

- कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार पर कैनवास सेट स्थापित किया जाय, जिस पर सामूहिक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाय।
- कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति गीत और फिल्म में लोकतंत्र और देशभक्ति की थीम से जुड़े गीत लगातार बजाये जाएं।
- आपातकाल से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले आमंत्रित आगंतुकों के लिये एक विशेष परिसर बनाया जाय।
- आपातकाल से जुड़े चुनिंदा लोगों से अनुभव साझा कराया जाय।
- 50वीं वर्षगांठ पर 50 प्रमुख स्थानों (जैसे मॉल, रेलवे स्टेशन, डाकघर, पेट्रोल पम्प,स्कूल और सरकारी कार्यालय) में एक समर्पित प्रदर्शनी आयोजित की जाय।
- सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में संगोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, भाषण तथा पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाय।

Scanned with CamScanner

- जनपद गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ तथा अयोध्या में आपातकाल पर प्रदर्शनी लगायी जाय तथा शेष जनपदों में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाय।
- समस्त कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाय तथा उनकी उपस्थिति में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया जाय।

सभी जिलाधिकारियों द्वारा जनपद मुख्यालय, प्रत्येक विधान सभा तथा विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम के लिये एक अधिकारी (मुख्य विकास अधिकारी/अपर जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी स्तर) को नोडल अधिकारी नामित किया जायेगा, जो विभिन्न विभागों तथा कार्यक्रमों में भाग लेने वाले जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रत्येक जनपद के लिये नामित वरिष्ठ नोडल अधिकारियों द्वारा दिनांक 24 जून, 2025 को जनपद का भ्रमण कर उपरोक्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन की समुचित तैयारियों की समीक्षा की जायेगी।

जनपद स्तरीय प्रदर्शनी/चित्र प्रदर्शनी में सभी विभागों की सहभागिता अनिवार्य है।

भवदीय,

Digitally signed by
MANOJ KUMAR SINGH
Date: 24-06-2025
15:39:17

(मनोज कुमार सिंह)

मुख्य सचिव

<u>संख्या-15/2025/474(1)/उन्नीस-2-2025-1061/85 तद्दिनांकित।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मंडलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
5. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

आज्ञा से,

Digitally signed by
SANJAY PRASAD
Date: 24-06-2025
16:20:42

(संजय प्रसाद)

प्रमुख सचिव